**Seventeenth Loksabha**

pan>

Title: Issue regarding alleged fraudulent practices and substandard work pertaining to underground cabling in Badaun Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

**डॉ. संघमित्रा मौर्य** (**बदायूं**): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान मेरे लोकसभा क्षेत्र बदायूं की ओर आकर्षित करना चाहती हूं। पूर्व की उत्तर प्रदेश सरकार ने बदायूं क्षेत्र में अंडरग्राउंड केबलिंग का काम करवाया था और सिर्फ शहर का काम लगभग 150 करोड़ रुपये में हुआ था। आज की तारीख में 150 जगह से ज्यादा खामियां मिली हैं। इसका कारण है कि अंडरग्राउंड केबलिंग में ज्यादातर काम करने के बजाय भ्रष्टाचार हुआ है।

वहां पर जगह-जगह केबल बॉक्स और तार खुले हुए हैं और मानक के अनुरूप गहराई भी नहीं है। उसके कारण बरसात में दर्जनों से ज्यादा बेजुबान जानवरों की मौत हो चुकी है। छोटे-छोटे बच्चों की और प्राइवेट लाइनमेन की भी मौत हो चुकी है। अभी जुलाई में, हमारे यहां विद्यानंद कॉलेज के गणित के प्रवक्ता श्री एच.एन.सिंह जी की मौत भी अंडर ग्राउंड केबल की वजह से ही हुई है।

मैं आपके माध्यम से चाहती हूं कि इस मामले की जांच कराकर भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। हमारी सरकार, जहां भी हमने कमियां बताई है, उसको देख रही है। लेकिन, एक बार पुन: अपने स्तर से कार्य को फिर से करवाया जाए, जिससे हमारी बदायूं की जनता सुरक्षित रह सके। बहुत-बहुत धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष :** डॉ. भारतीबेन डी. श्याल – उपस्थित नहीं।